आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 28.10.2026 समय : 1905

<><><><><><><><>

1. संयुक्त अरब अमीरात ने कैप्टन स्मित मच्छार को उनके अदम्य साहस और कर्तव्यनिष्ठा के लिए सर्वोच्च नागरिक अलंकरण से सम्मानित किया।
2. डिगलीपुर में 'संपर्क से समाधान–प्रशासन गांव की ओर' पहल के तहत जन शिकायत निवारण शिविर आयोजित, 24 मामलों में मौके पर जारी हुए आदेश।
3. कैंपबेल बे में 'खेत बचाओ अभियान' के तहत किसानों को किया जागरूक, फसल सुरक्षा और सरकारी सब्सिडी योजनाओं की दी गई जानकारी।
4. अंडमान–निकोबार में सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए स्वास्थ्य सुविधा का विस्तार, पीएम–राहत योजना में जी.बी. पंत सहित कई अस्पताल शामिल।

<><><><><><><><>

संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति **शेख मोहम्मद बिनजायद अल नाह्यान** ने कैप्टन स्मित मच्छार सहित फ्लाईदुबई के चालक दल के सभी सदस्यों को ज़ायद द्वितीय का प्रथम श्रेणी सम्मान प्रदान किया है। देश के सर्वोच्च नागरिक अलंकरणों में शामिल यह सम्मान, फ़्लाइट में यात्रियों की सुरक्षा करने के लिए के लिए दिया है। यह सम्मान संयुक्त अरब अमीरात के उप प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री **शेख हमदान बिन मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम** ने प्रदान किया। उन्होंने चालक दल के सदस्यों के प्रयासों और उनकी जिम्मेदारी की भावना की सराहना की। 30 सितंबर को दुबई से तेल अवीव जा रही फ्लाईदुबई की उड़ान एफ–जेड 1073 में कैप्टन स्मित मच्छार पर उनके सह–पायलट ने हमला कर दिया था। संयुक्त अरब अमीरात की जांच में बाद में पता चला कि सह–पायलट ने विमान पर कब्जा करने और तेल अवीव हवाई अड्डे पर हमला करने की योजना बनाई थी।

<><><><><><><><>

डिगलीपुर के सहायक आयुक्त कार्यालय में 'संपर्क से समाधान – प्रशासन गांव की ओर' पहल के तहत शिविर न्यायालय सह जन शिकायत निवारण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन उत्तर एवं मध्य अंडमान जिले के उपायुक्त ने सहायक आयुक्त, डिगलीपुर के सहयोग से किया। इसमें पंचायत राज संस्थाओं के प्रतिनिधियों, विभिन्न विभागों के अधिकारियों और आम लोगों ने भाग लिया। इस दौरान कृषि, बिजली, सड़क, जल निकासी, परिवहन, जनसुविधाओं और भूमि संबंधी समस्याएं उठाई गईं, जिन पर उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों के साथ चर्चा कर समयबद्ध समाधान पर जोर दिया। शिविर में 21 नाम सुधार और 11 भूमि उपविभाजन मामलों में से क्रमशः 14 और 10 मामलों में मौके पर आदेश जारी किए गए।

<><><><><><><><>

राष्ट्रीय एकता दिवस–2026 के अवसर पर 31 अक्टूबर को पुलिस एवं अर्धसैनिक बलों के जवानों द्वारा मार्च पास्ट का आयोजन किया जाएगा। मार्च पास्ट दोपहर 2 बजकर 20 मिनट से डुगोंग गेस्ट हाउस से सरकारी प्रेस तक निकाला जाएगा। इस अवसर पर अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह के उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

<><><><><><><><>

जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय में सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2026 की शुरुआत शपथ ग्रहण समारोह के साथ हुई। इस वर्ष की थीम सत्यनिष्ठा से समृद्धि है। इसका उद्देश्य भ्रष्टाचार के प्रति जागरूकता बढ़ाना और समाज में ईमानदारी, पारदर्शिता तथा जवाबदेही को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. पर्ल देवदास ने शिक्षकों, मंत्रालयिक एवं लिपिकीय कर्मचारियों तथा अन्य संबंधित लोगों को सतर्कता की शपथ दिलाई। सभी ने अपने व्यक्तिगत और व्यावसायिक जीवन में ईमानदारी और नैतिक मूल्यों को अपनाने का संकल्प लिया। इस कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों और कर्मचारियों के लिए जागरूकता व्याख्यान, निबंध एवं पोस्टर प्रतियोगिताएं, वाद–विवाद और नैतिकता

तथा सुशासन से जुड़ी चर्चाएं आयोजित की जाएंगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. देवदास ने सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी और नैतिक मूल्यों के महत्व पर जोर दिया।

<><><><><><><>

कैंपबेल बे के गांधी नगर स्थित सामुदायिक भवन में आज कृषि विभाग की ओर से खेत बचाओ अभियान के तहत किसानों के लिए जागरूकता बैठक आयोजित की गई। बैठक में कृषि निदेशक शकीला नवाज ने किसानों को भूमि संरक्षण, कीटों से फसलों की सुरक्षा, उचित कीटनाशकों के उपयोग तथा सुपारी, सब्जियों और अन्य फसलों की देखभाल के विभिन्न तरीकों की जानकारी दी। उन्होंने फसलों की सुरक्षा के उपायों का प्रदर्शन भी किया। इस दौरान किसानों के कल्याण के लिए संचालित विभिन्न सब्सिडी योजनाओं, जिनमें पावर टिलर, ट्रैक्टर और पिकअप वैन जैसी सुविधाएं शामिल हैं, के बारे में भी बताया गया। बैठक में शामिल 25 किसानों को जागरूकता संबंधी पुस्तिकाएं वितरित की गईं और सब्जियों के बीज भी उपलब्ध कराए गए।

<><><><><><><>

भारत सरकार की प्रधानमंत्री सड़क दुर्घटना पीड़ित अस्पताल में भर्ती एवं सुनिश्चित उपचार योजना (पीएम–राहत) के तहत सड़क दुर्घटना में घायल पात्र व्यक्तियों को अधिकतम सात दिनों तक डेढ़ लाख रुपये तक का कैशलेस उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। 13 फरवरी 2026 से देशभर में लागू इस योजना का उद्देश्य दुर्घटना के बाद गोल्डन ऑवर के दौरान तत्काल चिकित्सा सहायता सुनिश्चित करना है। अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह में अब तक जी.बी. पंत अस्पताल, श्री विजयपुरम, बिशप जॉन रिचर्डसन अस्पताल, कार निकोबार, डॉ. राजेंद्र प्रसाद अस्पताल, मायाबंदर तथा डिगलीपुर, रंगत, ननकौड़ी और बंबूफ्लैट के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को योजना में शामिल किया गया है।

<><><><><><><>

नशा मुक्त भारत अभियान के तहत महात्मा गाँधी राजकीय कॉलेज में आज क्रॉस–कंट्री दौड़ का आयोजन किया गया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आर वी आर मूर्ति और डीन एकेडमिक्स बिधु भूषण मंडल ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ की शुरुआत की। इस प्रतियोगिता में कुल 20 विद्यार्थियों ने भाग लिया। लड़कों के लिए 5 किलोमीटर और लड़कियों के लिए 2 किलोमीटर की दौड़ आयोजित की गई। दौड़ का समापन कॉलेज के सभागार में हुआ, जहां दोनों वर्गों में तीन–तीन विजेताओं की घोषणा की गई। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. मूर्ति ने युवाओं के बीच इस तरह के आयोजनों के महत्व पर प्रकाश डाला।

<><><><><><><>

केरल समाजम की ओर से 1 नवंबर को शाम 6 बजे डॉ. बी.आर.अंबेडकर सभागार, श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद परिसर में केरल पिरवी 2026 सांस्कृतिक समारोह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में मेगा म्यूजिक नाइट, मिमिक्री, लघु नाटिकाएं और गेम शो सहित विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी। समारोह में दक्षिण अंडमान की पुलिस अधीक्षक श्वेता के. सुगाथन, मुख्य अतिथि तथा ए पी डब्ल्यू डी के मुख्य अभियंता टी.के. प्रिजिथ रेख विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान के उप शिक्षा कार्यालय के खेल अनुभाग की ओर से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मॉडल के सभागार में अंतर–विद्यालय रस्सी कूद प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें विभिन्न विद्यालयों के लगभग 300 छात्र–छात्राओं ने भाग लिया। दक्षिण अंडमान की उप शिक्षा अधिकारी बिंदु वर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में खेल भावना, शारीरिक फिटनेस और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना था।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार शतरंज संघ की ओर से राज्यस्तरीय ओपन रैपिड और ब्लिट्ज शतरंज चैंपियनशिप 2026 का आयोजन 14 और 15 नवंबर को किया जाएगा। यह प्रतियोगिता राष्ट्रीय रैपिड और ब्लिट्ज शतरंज चैंपियनशिप के लिए चयन ट्रायल भी होगी। 14 नवंबर को रैपिड और 15 नवंबर को ब्लिट्ज मुकाबले खेले जाएंगे। दोनों वर्गों में नौ–नौ राउंड होंगे। प्रतियोगिता में ओपन, महिला, पुरुष और विभिन्न आयु वर्गों के खिलाड़ियों के लिए पुरस्कार और ट्रॉफियां रखी गई हैं। पंजीकरण की अंतिम तिथि 6 नवंबर है। इच्छुक खिलाड़ी ए एन सी ए कार्यालय में 9933–217–055 पर संपर्क कर सकते हैं।